बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

— : : अधिसूचना : : —

अधि०सं०—मं०मं०—04 / बि०रा०ना०प०—07 / 2014—594 .पटना, दिनांक—10.11.2026

बिहार राज्य नागरिक परिषद् के उपाध्यक्ष, महासचिवों एवं सदस्यों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की अधिसूचना संख्या—980, दिनांक—14.08.2025 निर्गत है। इसमें आंशिक संशोधन करते हुए विभागीय अधिसूचना संख्या—543, दिनांक—24.09.2026 द्वारा सदस्यों का मानदेय रू० 30,000 / — प्रतिमाह से बढ़ाकर रू० 50,000 / — प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। पुनः विभागीय अधिसूचना संख्या—980, दिनांक—14.08.2025 के क्रमांक—3 को निम्न रूप से संशोधित किया जाता है :—

" 3. बिहार राज्य नागरिक परिषद् के माननीय सदस्यों को मानदेय, वाहन भत्ता एवं मोबाईल रिचार्ज हेतु समेकित रूप से प्रतिमाह 75,000 / —(पचहत्तर हजार रूपये) मानदेय निर्धारित किया जाता है।"

यह अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से लागू होगी।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

निशान्त 10.11.2026

(निशांत प्रकाश)

(अवर सचिव)

ज्ञापांक—मं०मं०—04 / बि०रा०ना०प०—07 / 2014—594 ...पटना, दिनांक—10.11.2026

प्रतिलिपिः—राज्यपाल के प्रधान सचिव / सभापति, बिहार विधान परिषद् के आप्त सचिव / अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आप्त सचिव / उप सभापति, बिहार विधान परिषद् के आप्त सचिव / उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आप्त सचिव / मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव / मुख्य सचिव के आप्त सचिव / सदस्य सचिव, वि०रा०ना०परि०, पटना / सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / विभागाध्यक्ष / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी / निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार, पटना / सभी मनोनीत उपाध्यक्ष, महासचिव एवं सदस्य, बिहार राज्य नागरिक परिषद् को सूचनार्थ प्रेषित।

निशान्त 10.11.2026

(निशांत प्रकाश)

(अवर सचिव)

ज्ञापांक–मं०मं०–04/बि०रा०ना०प०–07/2014–594 ...पटना, दिनांक–10.11.2026

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार, वीर चन्द पटेल मार्ग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निशांत 10.11.2026

(निशांत प्रकाश)
(अवर सचिव)

ज्ञापांक–मं०मं०–04/बि०रा०ना०प०–07/2014–594 ...पटना, दिनांक–10.11.2026

प्रतिलिपिः–अधीक्षक, बिहार सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना–7/अवर सचिव (ई गजट कोषांग), वित्त विभाग, बिहार, पटना (सॉफ्ट एवं हॉर्ड कॉपी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उनसे अनुरोध है कि इस अधिसूचना को बिहार गजट के आगामी अंक में प्रकाशित करने की कृपा की जाये तथा गजट की 100 (एक सौ) प्रतियाँ इस विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाये।

निशांत 10.11.2026

(निशांत प्रकाश)
(अवर सचिव)

ज्ञापांक–मं०मं०–04/बि०रा०ना०प०–07/2014–594 ...पटना, दिनांक–10.11.2026

प्रतिलिपिः–आई०टी० मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

निशांत 10.11.2026

(निशांत प्रकाश)
(अवर सचिव)